FELICITATIONS ON PASSING THE CONSTITUTION (ONE HUNDRED AND TWENTY-EIGHTH AMENDMENT) BILL, 2023

माननीय अध्यक्ष : माननीय प्रधान मंत्री जी।

… (व्यवधान)

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए अनुमति दी, समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं सिर्फ दो-चार मिनट लेना चाहता हूं। कल भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था। इस स्वर्णिम पल के हकदार इस सदन के सभी सदस्य हैं, सभी दलों के सदस्य हैं, सभी दल के नेता भी हैं। सदन में हों या सदन के बाहर हों, वे भी उतने ही हकदार हैं।

इसलिए, मैं आज आपके माध्यम से इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में और देश की मातृशक्ति में एक नई ऊर्जा भरने में कल का यह निर्णय और आज राज्य सभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे, देश की मातृशक्ति का जो मिजाज़ बदलेगा, जो विश्वास पैदा होगा, वह देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली एक अकल्पनीय, अप्रतिम शक्ति के रूप में उभरेगा, यह मैं अनुभव करता हूं।

इस पवित्र कार्य को करने के लिए आप सबने जो योगदान दिया है, समर्थन दिया है, सार्थक चर्चा की है, सदन के नेता के रूप में मैं आज आप सबका, पूरे दिल से, सच्चे दिल से आदरपूर्वक अभिनंदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं, धन्यवाद करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

नमस्कार।

माननीय अध्यक्ष : सभी दलों के नेताओं ने कल समर्थन दिया है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने सबको आभार व्यक्त कर दिया है। सदन के नेता जब आभार प्रकट करते हैं, तो वह पूरे सदन का आभार होता है।

… (व्यवधान)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर) : सर, मुझे एक मिनट के लिए बोलने दीजिए। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप इसके बाद बोलिएगा।